THE MINISTER OF RAILWAYS (RAIL MANTRI) (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

### जोधपुर ( उत्तर रेलवे) की रेलवे वर्कशॉप का कार्यकरण

262. श्री मूलचन्द डागा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जोधपुर (उत्तर रेलवे) का रेलवे वर्कशॉप कब से कार्य कर रहा है ;

(ख) क्या 1958 मे उस वर्कशॉप के कर्मचारियो की सख्या 3300 थी जो अब घटा कर 2200 कर दी गई है, यदि हां, तो इसके क्या कारण है ;

(ग) इस वर्कशॉप के कार्यकरण में ह्रास के क्या कारण है ; और

(घ) यद्यपि वहां के कर्मचारी लगातार 14 वर्षों से वहां कार्य कर रहे हैं तो भी उन्हें उपयुक्त कार्य के अवसर न देने और उनकी पदोन्नति न करने के क्या कारण है ?

रेल मंत्री (श्री हनुमन्तैया) : (क) जोधपुर का रेलवे कारखाना वर्ष 1882 से कार्य कर रहा है।

(ख) 1958 में इस कारखाने मे कर्मचारियों की संख्या 3057 थी और अब, 31-3-1971 को इनकी संख्या 2972 है। कर्मचारियों की संख्या में कमी करने का कारण यह है कि इस कारखाने में प्रोत्साहन योजना लागू किये जाने के फलस्वरूप उत्पादन बढ़ गया है।

(ग) कारखाने के सामान्य-कार्य में कोई गिरावट नही आयी है।

(घ) कार्यभार के अनुरूप समय-समय पर पदोन्नतिया दी गयी है। 1958 से जितनी पदोन्नतियां दी गयी, उनकी संख्या नीचे दी गयी है :

(i) खलासी से अर्धकुशल कर्मचारी 182

(ii) अर्धकुशल से कुशल कर्मचारी 732

(iii) कुशल से अति कुशल कर्मचारी 267

### राजस्थान के ग्रामों का औद्योगीकरण

263. श्री मूलचन्द डागा : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के कितने ग्रामों को 'ग्राम औद्योगीकरण योजना' के अन्तर्गत लाया गया है और उन्हें अनुदान के रूप में कितनी राशि दी गई है ; और

(ख) निकट भविष्य मे इस योजना के अन्तर्गत राजस्थान के कितने ग्राम लाये जायेंगे और उनके नाम क्या हैं ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) राजस्थान के नागौर तथा चुरू मे दो उद्योग परियोजनाएं हैं। इन दो परियोजनाओं के अन्तर्गत जिले का सम्पूर्ण क्षेत्र आ जाता है। दो परियोजनाओं के क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों की संख्या नागौर जिलेमें 911 तथा चुरू जिले मे 1199 में हैं। वर्ष 1962-63 से 1970-71 की अवधि में दोनों परियोजनाओं क्षेत्रों में विकसित की जाने वाली योजनाओं के लिए राज्य सरकार को 23.26 करोड़ रुपये केन्द्रीय अनुदान के रूप में दिया गया है।

(ख) राजस्थान के दो जिलों के दो नए परियोजना क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। जो